दिनांक 24 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त ने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए महंगाई भत्ते में 5% की वृद्धि करने के दिए निर्देश, 01 जुलाई से होगा लागू, इस माह में कर्मचारियों को बड़े हुए दर से मिलेगा वेतन

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने भिलाई निगम में पद स्थापना के बाद से ही कर्मचारी हितों को ध्यान में रखना प्रारंभ कर दिया है! उन्होंने सातवां वेतनमान के देय महंगाई भत्ते में 5% की वृद्धि की है! अब इस वृद्धि के उपरांत महंगाई की दर कुल 17% हो जाएगी! महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश आयुक्त ने 20 सितंबर को जारी कर दिया है लेकिन बढ़ा हुआ भत्ता 01 जुलाई 2021 से लागू होगा यानी कि जुलाई और अगस्त का एरियर की राशि भी कर्मचारियों को मिलेगा! वहीं इस माह का वेतन भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को बढ़कर मिलेगा! आयुक्त के आदेश जारी करते ही सितंबर माह के वेतन में बढ़ोतरी होगी! इसके लिए लेखा विभाग अपनी तैयारियों में लगा हुआ है! अधिकारी/कर्मचारियों के पे डाटा को समय पर मांगा गया है! ताकि वेतन भुगतान समय पर बढ़े हुए महंगाई भत्ते के साथ किया जा सके! लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर एवं स्थापना से नरेंद्र रामटेके ने बताया कि डीए में 5% वृद्धि का आदेश प्राप्त होने पर इसकी गणना की जा रही है, प्रथम वर्ग श्रेणी के अधिकारियों के वेतन में अनुमानित 6000 से 7000, द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के वेतन में 3000 से 4000, तृतीय श्रेणी के अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन में 1500 से 3000 एवं चतुर्थ वर्ग श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन में 700 से 1200 तक की वृद्धि का फायदा इस माह से मिलेगा!

जनसंपर्क अधिकारी